

वीर शहीदों एवं सेनानियों को शतशत् नमन...

गर्व का महापर्व स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर जन-जन का अभिनंदन एवं माँ भारती को नमन्

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

सुविचार
आज ( 15 अगस्त )
हुआ था आजादी का
नया सवेरा।
खत्म हुआ था
गुलामी का अंधेरा।।

श्रावण शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 2083, कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 14 से 20 अगस्त 2026


नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

# शोक संदेश

जन्म
18 अक्टूबर
1946







स्वर्गारोहण
05 अगस्त
2026

## परमपूज्य स्व. श्री कार्तिकराम जायसवाल जी

### सेनानिवृत्त लेखाधिकारी (सीएसईबी)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परमपूज्य पिताश्री श्री कार्तिकराम जायसवाल जी का स्वर्गवास दिनांक - 05 अगस्त 2026, दिन-बुधवार ( श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी विक्रम संवत् 2083) हो गया है, जिनका दशगात्र एवं चंदनपान दिनांक 14 अगस्त 2026 दिन- शुक्रवार ( श्रावण शुक्ल द्वितीया विक्रम संवत् 2083) को हमारे निवास स्थान ग्राम परसदा (सिल्ली) जिला-कोरबा में संपन्न होगा।

आप सभी से विनम्र निवेदन है कि उक्त कार्यक्रम में आप सपरिवार पधारकर मृत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें।

भगवान मृत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें, इसके लिए प्रभु से प्रार्थना करें।

**कार्यक्रम**

**दशगात्र एवं चंदनपान**

दिनांक : 14 अगस्त 2026 (श्रावण शुक्ल द्वितीया विक्रम संवत् 2083)

स्थान : हमारा निवास स्थान ग्राम परसदा (सिल्ली) ब्लॉक पाली

समय : चंदनपान दोपहर 2:00 बजे

**-: शोकसंतप्त परिवार :-**

दुर्गा प्रसाद, हरि प्रसाद, माखनलाल, बेदी प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, मदनलाल, लक्ष्मी प्रसाद, चंद्रशेखर, प्रकाश चंद्र, सुधीर, सत्येन्द्र, अभिषेक, सार्थक, आर्यन एवं समस्त जायसवाल परिवार।

ॐ
शांति

**-: विनीत :-**

अंबिका प्रसाद जायसवाल - अधिवक्ता (पुत्र)
सुनील जायसवाल : महासचिव - प्रदेश सचिव संघ छत्तीसगढ़
नितांश जायसवाल (नाती)
ग्राम - परसदा (सिल्ली), जिला-कोरबा (छ.ग.)
मो.: 98271 - 80206, 93407-59994


दिव्य आकाश

## न्यू कोरबा हॉस्पिटल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से न्यू कोरबा हॉस्पिटल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लखन लाल देवांगन, नगर निगम महापौर संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, नरेंद्र देवांगन सहित कोसाबाड़ी मंडल के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। अतिथियों ने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करने की जिम्मेदारी भी है।

न्यू कोरबा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने भी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक सहभागिता को आवश्यक बताया।

## शिक्षा साथी अभियान के तहत 300 कॉपियों का वितरण, पर्यावरण संरक्षण हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

मारवाड़ी युवा मंच, दर्री-जमनीपाली शाखा द्वारा शिक्षा साथी अभियान के अंतर्गत सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रगति नगर में विद्यार्थियों के बीच 300 कॉपियों का वितरण किया गया। इसी अवसर पर पर्यावरण माह के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों को मंच की ओर से सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक मनीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी माता के नाम एक-एक पौधा अवश्य लगाएं तथा पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का संकल्प बनाएं। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने, अच्छे संस्कार अपनाने और अपने परिवार, विद्यालय तथा समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

मंच के सचिव आशीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन से ही जीवन में ऊँचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि श्रेष्ठ संस्कारों की पाठशाला है, जहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल ने मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की तथा मंच का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंच द्वारा विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एल्डरमैन मनोज अग्रवाल का शाल ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक विकास अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन अंजय अग्रवाल, शाखा कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, विद्यालय के आचार्य दुर्गा प्रसाद नामदेव, अशोक चंद्रवंशी सहित विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य-आचार्याएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं गरिमामय संचालन अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने किया, जिन्होंने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी उद्बोधन से उपस्थित विद्यार्थियों एवं अतिथियों में शिक्षा, सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना का संचार किया।

कार्यक्रम ने शिक्षा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रभावी ढंग से समाज तक पहुँचाने का कार्य किया तथा विद्यार्थियों में सेवा, प्रकृति प्रेम और उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति नई प्रेरणा का संचार किया।




# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप, फुल ड्रेस रिहर्सल सम्पन्न




**कोरबा, ( दिव्य आकाश )।**

स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय एवं भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज जिला मुख्यालय स्थित सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल सम्पन्न हुई। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस पूर्वाभ्यास में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की प्रत्येक गतिविधि का निर्धारित समय-सारणी के अनुरूप अनुशासित एवं व्यवस्थित अभ्यास किया गया।

मुख्य समारोह में विधायक अमर अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने परेड की सलामी ली। इस दौरान मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर समारोह के समापन तक की सभी गतिविधियों का क्रमवार पूर्वाभ्यास किया गया।

**ध्वजारोहण से परेड निरीक्षण तक हुआ सजीव पूर्वाभ्यास**

रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि के मंच पर आगमन एवं स्वागत, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा परेड निरीक्षण की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। इसके बाद विभिन्न प्लाटूनों ने अनुशासन और जोश से भरा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत परेड के दौरान तीन राउंड में हर्ष फायर का भी अभ्यास किया गया। इसके पश्चात प्लाटून कमांडरों के परिचय तथा मुख्य अतिथि द्वारा परेड की टुकड़ियों के निरीक्षण की प्रक्रिया को भी व्यवस्थित रूप से दोहराया गया।

**देशभक्ति से सराबोर होंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

स्वतंत्रता दिवस समारोह को ओज, उमंग और देशभक्ति से भरने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों का भी फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया गया। खुले आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े जाने की गतिविधि का भी पूर्वाभ्यास किया गया, जो समारोह के उल्लास और राष्ट्रीय भावना को अभिव्यक्त करेगा।

**समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित आयोजन पर विशेष जोर**

समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य एवं उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरण, प्रतिभागियों एवं अतिथियों के साथ फोटो सेशन तथा अन्य निर्धारित गतिविधियों का भी अभ्यास किया गया। अधिकारियों ने कार्यक्रम की प्रत्येक कड़ी के निर्धारित समय, मंच व्यवस्था, परेड के अनुशासन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया।

फुल ड्रेस रिहर्सल का उद्देश्य मुख्य समारोह के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की संभावना को दूर करते हुए सभी गतिविधियों को समयबद्ध, गरिमापूर्ण, अनुशासित और आकर्षक ढंग से सम्पन्न कराना रहा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड देशभक्ति, उत्साह और राष्ट्रीय गौरव की भावना से सराबोर नजर आएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## विधायक अमर अग्रवाल 15 अगस्त को करेंगे ध्वजारोहण

### स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह फुटबॉल ग्राउंड सीएसईबी कोरबा(पूर्व) में आयोजित होगा। प्रातः 08:59 बजे मुख्य अतिथि का समारोह स्थल पर आगमन होगा। प्रातः 09 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, प्रातः 09:01 बजे सलामी एवं राष्ट्रगान, प्रातः 09:03 बजे से 09.12 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण एवं हर्ष फायर, 09:12 बजे से 09.25 तक परेड का मार्च पास्ट, 09.25 से 09.27 बजे परेड की समीक्षा एवं सलामी, 09.27 तक 09.47 बजे तक मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, 09:47 से 09.50 बजे रंगीन गुब्बारा उड़ाना, 09.50 से 10.05 बजे परेड का प्रस्थान एवं परेड कमाण्डरों का परिचय, 10:05 से 10.10 बजे मुख्य अतिथि के साथ परेड कमाण्डरों की छायाचित्र, 10.10 से 10.15 बजे शहीद परिवारों का सम्मान,10.15 से 10.45 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.45 से 11 बजे सम्मान/पुरस्कार वितरण, प्रातः 11 से 11.10 बजे आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम का समापन होगा।

**कैम्पा मद में भ्रष्टाचार के लिए विवादों में रहे**

## कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत का मरवाही ट्रांसफर



**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

करीब 02 साल से अधिक समय तक कटघोरा वनमंडल में पदस्थ रहे आईएफएस कुमार निशांत का स्थानांतरण मरवाही डीएफओ के रूप में हो गया है। उनके स्थान पर शासन ने आईएफएस जितेन्द्र कुमार उपाध्याय को पोस्टिंग दी है। श्री उपाध्याय इसके पूर्व धरमजयगढ़ में डीएफओ थे।

**निशांत का भ्रष्टाचार और तानाशाही से रहा नाता**

कटघोरा में पदस्थ कुमार निशांत का कटघोरा डीएफओ बनते ही तानाशाही और भ्रष्टाचार से नाता रहा। कटघोरा डीएफओ रहते कैम्पा मद में भारी गड़बड़ी की शिकायत रही और विधानसभा तक इसकी गूंज रही। एक विधायक के सवाल के जवाब में छत्तीसगढ़ के उन आईएफएस अधिकारियों का नाम वनमंत्री केदार कश्यप ने बताया, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत और जांच चल रही है, जिनमें कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत का नाम शामिल है। भ्रष्टाचार की शिकायत और जांच चलने के बाद भी कुमार निशांत को सालों तक अभयदान मिलता रहा और काफी समय कटघोरा डीएफओ के रूप में बिताने के बाद 08 अगस्त को उनका स्थानांतरण मरवाही वनमंडल में डीएफओ के रूप में हुआ है। भ्रष्टाचार में जहां वे चर्चा में रहे, वहीं वे तानाशाही के लिए भी चर्चित रहे।

**जब जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा-कटघोरा डीएफओ कार्यालय में जा कर लेंगे बैठक**

उनकी हिटलरशाही आम जनता के लिए तो चर्चा का विषय रहा ही, वे जनप्रतिनिधियों के निर्देशों की भी अवहेलना करने में भी चर्चित रहे। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को एक साल से अधिक हो गए। एक साल में जिला पंचायत की सामान्य सभा जितनी बार हुई, उसमें एक बार भी कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत नहीं पहुंचे। जिला पंचायत सीईओ एवं अध्यक्ष डॉ. पवन के निर्देशों को भी वे हवा में उड़ा देते रहे और अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच कहते-फिरते रहे कि उनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। हुआ भी यही, वे राजा की तरह दम्भ के साथ कटघोरा में अपना पूरा कार्यकाल बिताया और अब 08 अगस्त को शासन स्तर पर हुए तबादला आदेश में वे मरवाही जा रहे हैं।

एक साल की एक भी सामान्य सभा में डीएफओ कुमार निशांत की उपस्थिति न होने पर कई बार कटघोरा डीएफओ को नोटिस दिया गया, लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ा, इससे खिन्न हो कर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने कहा कि अबकी बार कटघोरा डीएफओ उपस्थित नहीं होते, तो वे सभी सदस्यों के साथ कटघोरा वनमंडल कार्यालय में डीएफओ की बैठक लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं कर सके।

**सीएम तक हुई शिकायत, लेकिन नौकरशाही हावी रही**

डॉ. पवन सिंह सहित जिला पंचायत सदस्यों, भाजपा नेताओं ने कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत की तानाशाही एवं भ्रष्टाचार की शिकायत लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास पहुंचे, लेकिन महीनों-महीनों बीत गए, लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिला पंचायत सीईओ के आदेश को मानने के लिए वे अपने आपको बाध्य नहीं मानते थे, क्योंकि वे फ्रेश आईएफएस हैं, जबकि जिला पंचायत सीईओ प्रमोटिव एडीएम/जिला पंचायत सीईओ थे।



तिरंगा यात्रा में भाग लिया अखबार वितरक संघ ने

# गोपाल मोदी के नेतृत्व में सीतामढ़ी से घंटाघर तक उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

## बारिश बरसी, तिरंगा लहराया... कोरबा में राष्ट्रभक्ति का तूफान आया

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को कोरबा में राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा, छात्र-छात्राएं एवं राष्ट्रप्रेमी नागरिक पूरे उत्साह और जुनून के साथ शामिल हुए। बारिश की तेज बौछारें भी देशभक्ति के जज्बे को नहीं डिगा सकीं।



यात्रा का शुभारंभ दोपहर 3 बजे सीतामढ़ी से हुआ, जिसमें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला सह प्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला, महापौर संजू देवी राजपूत, विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला महामंत्री संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, रेणुका राठिया, रुक्मणी नायर, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास अग्रवाल, संभाग प्रभारी दुर्ग नरेंद्र देवांगन व पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में राष्ट्रप्रेमी ने तिरंगा लहराते हुए बाइक रैली निकाली, जो सीएसईबी चौक पहुंची। इसके बाद सीएसईबी चौक से घंटाघर तक हाथों में तिरंगा लेकर भव्य पदयात्रा निकाली गई, जहां वंदे मातरम के साथ विशाल तिरंगा रैली का समापन हुआ। इस दौरान पूरे मार्ग में तिरंगे की शान और देशभक्ति का जोश देखते ही बन रहा था।

तिरंगा यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से कोरबा शहर गूंज उठा। बारिश के बीच भी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हाथों में तिरंगा और दिल में राष्ट्रभक्ति का जज्बा लिए लोग लगातार यात्रा में आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह नागरिकों ने भी यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

यहां उपस्थित भाजपाइयों और आमजनो ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और समर्पण की भावना को मजबूत करने वाला जनआंदोलन है। तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। भारी बारिश के बावजूद जिस तरह कोरबा के नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे हैं, वह उनकी राष्ट्रभक्ति और देश के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर तक तिरंगे की शान पहुंचाना और नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को और मजबूत करना है।

तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। बारिश बरसती रही, तिरंगा लहराता रहा और कोरबा की सड़कों पर राष्ट्रभक्ति का कारवां बढ़ता रहा—तिरंगा यात्रा ने शहर में देशप्रेम की नई ऊर्जा भर दी।

## स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर स्वास्थ्य मंत्री ने दिए निर्देश




**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा , पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, में स्व बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित स्वशासी समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने तथा चिकित्सा महाविद्यालय में अकादमिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि आम नागरिकों को बेहतर एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन की खरीदी की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने तथा इन आधुनिक जांच सुविधाओं का लाभ मरीजों को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित समय पर अपनी सेवाएं दें, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

स्वास्थय मंत्री ने अस्पतालों में होने वाली प्रत्येक डिलीवरी का ऑनलाइन रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आंकड़ों की ऑनलाइन एवं समयबद्ध एंट्री से सेवाओं की बेहतर मॉनिटरिंग के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सहायता मिलेगी।बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय की अकादमिक व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मंत्री श्री जायसवाल ने महाविद्यालय की अकादमिक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं पर फोकस करने के निर्देश दिए।

गर्व का महापर्व स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर जन-जन का अभिनंदन एवं माँ भारती को नमन्

# दिव्य आकाश

वीर शहीदों एवं सेनानियों को शत्शत् नमन...

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष -17, अंक - 19 | श्रावण शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 2083, कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 14 से 20 अगस्त 2026 | पृष्ठ-10, मूल्य -रू.3.00


सुविचार

आज ( 15 अगस्त )
हुआ था आजादी का
नया सवेरा।
खत्म हुआ था
गुलामी का अंधेरा।।

# नक्सली प्रभावित 90 गांवों में पहली बार लहराएगा तिरंगा

**रायपुर/जगदलपुर ( दिव्य आकाश )।**

बस्तर की धरती पर लोकतंत्र की नई बयार बह रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मजबूत आंतरिक सुरक्षा नीति और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के दृढ़ संकल्प के फलस्वरूप बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले से शुरू हुई तिरंगा यात्रा न केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन है, बल्कि लंबे समय से नक्सली हिंसा से प्रभावित रहे इलाकों में ऐतिहासिक बदलाव की गवाही भी है। नारायणपुर जिला मुख्यालय के हैमर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड से निकली इस यात्रा के माध्यम से बस्तर के कोने-कोने तक तिरंगा पहुंचाने और लोकतंत्र की लहर फैलाने का संकल्प लिया गया है। सैकड़ों युवाओं ने हाथों में तिरंगा थामे इस यात्रा में भाग लिया, ताकि बस्तर के उन गांवों तक राष्ट्रीय ध्वज पहुंचे, जहां आजादी के बाद भी यह नहीं लहराया जा सका था।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर यात्रा का नेतृत्व किया। विभिन्न समाज प्रमुखों ने भी तिरंगा हाथों में लेकर निकले। युवाओं और विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों से माहौल को राष्ट्रभक्ति से भर दिया। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर दूरस्थ बस्तर के बच्चों के बीच पहुंचने और उनके स्वागत का दृश्य भावुक करने वाला था। कार्यक्रम के दौरान शांति और विकास का संदेश दिया गया। यह पूरा आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र और माओवाद मुक्त भारत के लक्ष्य से प्रेरित दिखाई दिया।

तिरंगा यात्रा उन इलाकों से होकर गुजर रही है, जो लंबे समय तक नक्सली हिंसा से प्रभावित रहे हैं। नारायणपुर का चयन इसलिए किया गया है, क्योंकि उक्त जिले लंबे समय तक नक्सलवाद की चुनौती से जूझते रहें। 31 मार्च तक माओवाद के खिलाफ अभियान में निर्णायक सफलता मिली है। अब बस्तर के दूरस्थ इलाकों में भी राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा पूरे सम्मान के साथ फहराया जा रहा है। इस स्वतंत्रता दिवस पर बस्तर संभाग के 90 से अधिक ऐसे गांवों में पहली बार तिरंगा फहराने की तैयारी है, जहां आजादी के बाद राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया जा सका था। कभी माओवादियों के फरमान के कारण लोग राष्ट्रीय पर्वों पर झंडा लगाने से भी हिचकते थे। आज उन्हीं इलाकों में तिरंगा फहराने का उत्साह दिखाई दे रहा है। यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में चलाए गए समन्वित सुरक्षा अभियानों का परिणाम है, जिसमें सुरक्षा बलों के साहस और स्थानीय लोगों के सहयोग ने निर्णायक भूमिका निभाई।

जिन इलाकों को कभी नक्सली गतिविधियों का केंद्र माना जाता था, वहां से आज तिरंगा यात्रा निकलना बदलाव का बड़ा संकेत है। यात्रा के दौरान उन स्थानों की मिट्टी भी छूकर ली जाएगी, जहां जवानों और नागरिकों ने शहादत दी है। इस मिट्टी का उपयोग भविष्य में बनने वाले स्मारक में किया जाएगा। बस्तर में अब मूलभूत सुविधाओं, सड़क, शिक्षा, कौशल विकास, लघु वनोपज प्रसंस्करण और रोजगार के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। विकास कार्यों को गुणवत्ता पर जोर दिया जा रहा है और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकल्प है। ये प्रयास मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं, जो केंद्र सरकार की नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है।

नक्सलवाद से मुक्ति के बाद नारायणपुर में विकास की नई राह मिलेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ बस्तर की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना प्रशासन की प्राथमिकता होगी। क्षेत्र को शांति, विकास और सांस्कृतिक समृद्धि के उदाहरण के रूप में विकसित किया जाएगा। यह दृष्टिकोण प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन से जुड़ा हुआ है, जिसमें वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया है।

तीन दिवसीय तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को तिरंगा फहराकर यात्रा का समापन होगा। यह मार्ग उन क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जो कभी भय और हिंसा के पर्याय थे, लेकिन अब सुरक्षा और विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पिछले वर्षों में छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में माओवाद के खिलाफ अभियान को नई गति मिली है। सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण, खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने और विकास कार्यों को सुरक्षा के साथ जोड़ने की रणनीति ने परिणाम दिए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने राज्य स्तर पर इन नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया है। परिणामस्वरूप बस्तर जैसे क्षेत्रों में न केवल सुरक्षा की स्थिति सुधरी है, बल्कि सड़कें, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। तिरंगा यात्रा इन्हीं प्रयासों का प्रतीकात्मक विस्तार है, जो दिखाता है कि अब ये इलाके केवल सुरक्षा अभियानों का क्षेत्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के सक्रिय भागीदार बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार यह संदेश देते रहे हैं कि माओवाद भारत की एकता और विकास में बाधा है और इसे जड़ से समाप्त करना राष्ट्रीय प्राथमिकता है। उनके नेतृत्व में चले अभियानों ने कई शीर्ष माओवादी नेताओं को निष्प्रभावी किया और प्रभावित क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएं खोली हैं। अमित शाह के गृह मंत्रालय ने सुरक्षा और विकास के दोहरे दृष्टिकोण को अपनाया, जिससे स्थानीय लोगों का विश्वास बढ़ा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य सरकार के माध्यम से इन प्रयासों को जमीनी हकीकत में बदला।

## छत्तीसगढ़ के स्टील का प्रदेश में ही हो अधिकतम मूल्य संवर्धन - सीएम



**रायपुर ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के सहयोग से आयोजित 'छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग ऑन ग्रीन स्टील' में रू.13,840 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश में 10,921 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्टील और खनन छत्तीसगढ़ की औद्योगिक पहचान की मजबूत नींव हैं और आगे भी हमारी ताकत बने रहेंगे। अब समय इस मजबूत नींव पर औद्योगिक विकास की नई इमारत खड़ी करने का है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल स्टील उत्पादन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि छत्तीसगढ़ में उत्पादित स्टील का अधिकतम मूल्य संवर्धन भी प्रदेश के भीतर ही होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का स्टील प्राथमिक रूप में प्रदेश से बाहर जाने के बजाय यहीं ऑटो कम्पोनेंट्स, इंजीनियरिंग उत्पाद, रेलवे, रक्षा और सौर ऊर्जा उपकरणों जैसे डाउनस्ट्रीम एवं स्पेशियलिटी उत्पादों में परिवर्तित हो। जब मूल्य संवर्धन छत्तीसगढ़ में होगा, तो रोजगार भी छत्तीसगढ़ में ही सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में निवेश करने वाले प्रत्येक निवेशक के साथ पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शून्य कार्बन उत्सर्जन के वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप दुनिया तेजी से ग्रीन स्टील की ओर बढ़ रही है और छत्तीसगढ़ देश के उन अग्रणी राज्यों में है, जिन्होंने इस बदलाव को समय रहते अपनाया है। प्रदेश में 26 हजार मेगावाट से अधिक विद्युत उपलब्धता तथा प्रतिस्पर्धी औद्योगिक विद्युत दरें ऊर्जा-आधारित डाउनस्ट्रीम मैन्युफैक्चरिंग के लिए छत्तीसगढ़ को विशेष रूप से अनुकूल बनाती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 ने निवेश के नए द्वार खोले हैं। पिछले 18 महीनों में प्रदेश को लगभग रू.8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें स्टील और खनन जैसे पारंपरिक क्षेत्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाइल और एग्रो-प्रोसेसिंग जैसे भविष्य के क्षेत्रों में भी बड़े निवेश प्रस्ताव शामिल हैं।

प्रदेश में निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने कारोबारी प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार किए हैं। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एक्ट' लागू किया है।

**छत्तीसगढ़:स्वतंत्रता दिवस पर देशी-विदेशी मदिरा दुकानें रहेगी बंद** प्रदेश में संचालित सभी देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्यभंडारण भाण्डागार तथा एफ.एल.3 (ग) पर्यटन बार को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बंद रखने शुष्क अवधि घोषित किया गया है।









## एअर इंडिया पायलट्स का अब रोज ड्रग टेस्ट होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के सभी पायलटों की अब रोज जांच होगी कि उन्होंने प्रतिबंधित दवाओं या नशीले पदार्थों का नशा तो नहीं किया है। न्यूज एजेंसी PTI ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। यह टेस्ट आज से अनिवार्य कर दिया गया है। दोनों एयरलाइंस में 5 हजार से ज्यादा पायलट हैं। पिछले हफ्ते फुकेट-दिल्ली फ्लाइट के एक पायलट का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद यह फैसला लिया गया। दरअसल, इस फ्लाइट के भुवनेश्वर से गुजरते समय अचानक टर्बुलेंस जैसे हालात बने और यह करीब 300 फीट नीचे आ गई थी। जिससे यात्रियों और क्रू मेंबर्स को चोटें आई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना के बाद पायलट (कैप्टन) के दो ड्रग्स टेस्ट हुए थे। दोनों टेस्ट पॉजिटिव थे। दूसरे में गांजा पीने की पुष्टि हुई थी। फ्लाइट के पैसेंजर ने आरोप लगाया था कि पायलट नशे में था।







सरोकार

# प्रिय स्वतंत्रते...



भारत की आजादी के 79 साल पूरे हो चुके हैं और भारत ने इन 79 साल में तरक्की भी बहुत की है। हमारी अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया में चौथे स्थान पर है। कई चुनौतियां आने के बाद भी भारत विकास के मार्ग पर प्रशस्त है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर भाई मोदी का विजन @ 2047 अर्थात स्वतंत्रता के शताब्दी समारोह में हमारा भारत विकसित भारत बन सके, इसके लिए हर एक नागरिक को अपने कर्त्तव्यों के प्रति सचेत रहना होगा। स्वतंत्रता सबको प्रिय है, लेकिन स्वतंत्रता, स्वतंत्रता में ही अच्छी लगती है और स्वतंत्रता का मायने कभी भी स्वच्छंदता नहीं हो सकता, इसलिए भारत के हर नागरिक को संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए एक अच्छे नागरिक का परिचय देना होगा। लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने की स्वतंत्रता है, लेकिन सामूहिक आंदोलन में कभी भी ऐसा रास्ता नहीं अपनाना चाहिए, जिससे देश का नुकसान हो और विध्वंस हो। स्वतंत्रता हमें प्रिय होनी चाहिए और जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्षों को देखा है और गुलामी का दंश झेला है, उन्हें स्वतंत्रता का मायने मालूम है। हम आजाद भारत में जन्म लेने वाले उन वीर शहीदों को प्रेरणा मानकर हमेशा माँ भारती के मान और सम्मान के लिए हमेशा खड़े रहना होगा और इस बात का चिंतन भी करना होगा, कि हमारी छोटी सी भूमिका देश के विकास में काम आए।

-संपादक

# स्वतंत्रता दिवस

## आत्म स्वतंत्रता का पवित्र पर्व

**आज ( 15 अगस्त ) भारतवासियों की आत्म स्वतंत्रता पवित्र से प्रकाशित है। आज ही के दिन भारत स्वतंत्र हुआ था। आजादी के बाद हम भारतवासी खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। हमारी आत्म स्वतंत्रता के लिए हमारे महापुरूषों ने जो बलिदान दिया और घर-परिवार की सुख-सुविधाओं को छोड़ कर माँ भारती के पैरों में बंधी गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए रणभूमि में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, इस बलिदान और संघर्ष को हम शब्दों में बयां नहीं कर सकते। ये माँ भारती के सच्चे सपूत थे। हम उनके बताए मार्ग पर चलें और उनके सपनों का भारत बनाएं, यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी और स्वतंत्रता का मायने सार्थक होगा।**

1947 से पूर्व जन्मे बच्चे जो देश-दुनिया को जानने लायक हो गए थे और वे जो आज भी जिन्दा हैं, उनसे पूछो-आजादी के मायने! अंग्रेजों के कोड़े, अंग्रेजों की गोलियां खाकर जो रणभूमि में डटे रहे। उनका एक ही लक्ष्य था कि माँ भारती की बेड़ियां, जो 200 वर्षों से बंधी थी और उस दिन का इंतजार कर रही थी, कि कब मेरे सपूत एकजुट होकर फिरंगियों को भारत भूमि से खदेड़ देंगे और मेरे पैरों में बंधी बेड़ियों को काट फेकेंगे। वर्षों का संघर्ष माँ भारती के जीवन में रंग भरने वाला था और 15 अगस्त 1947 का वह स्वर्णिम दिन भी आया, जब आसमान पर चमकते सूर्य की सुनहरी किरणें धरती पर पड़ने लगी। लोग आधी रात के बाद शायद पहली बार इसलिए नहीं सोए, क्योंकि उन्हें वर्षों की आजादी की भूख मिट गई थी। फिरंगी देश से बाहर जाने लगे और घोषणा कर गए... भारत ब्रिटिश शासन से मुक्त हुआ। एक तरफ भारत की आजादी की खुशी दे गए, लेकिन भारत के लिए एक ऐसा दंश भी छोड़ गए, शायद जो कभी न मिट पाए। फूट डालो और शासन करो की नीति से फिरंगियों ने 200 साल तक भारत में शासन किया और जाते-जाते अपनी इस नीति से भारत के दो टूकड़े कर गए। भारत भूमि जो कभी आर्यावर्त के नाम से अखण्ड भारत था, आज टूकड़ों में बटा हुआ नजर आ रहा है। शायद वह दिन आएगा कि नहीं, जब भारत वर्ष आर्यावर्त (अखण्ड भारत) बन पाएगा।

आज (15 अगस्त) का दिन ऐतिहासिक और गर्व का दिन है। इस दिन को हम बड़े उल्लास और उमंग के साथ मनाएं और ऐसा कार्य करें कि हमारा तिरंगा विश्व की बुलंदियों में शान से लहराए और देश का परचम विश्व गगन पर सबसे ऊपर हो। हम संकल्प लें- हम ऐसा कार्य करेंगे, जिसमें समाज का निर्माण हो, राष्ट्र का निर्माण हो और हमारे कार्यों से समाज को लाभ हो और किसी का जीवन बेहतर बने।

जय हिन्द! जय तिरंगा!!



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

# भयमुक्त शासन में समाहित है लोकतांत्रिक मूल्य

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी कहा करते थे-राजनीति में लोकतांत्रिक मूल्य जरूरी है, तभी सुशासन की नींव रखी जा सकती है। भारत फूलों का एक ऐसा गुलदस्ता है, जहां पर हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई जैसे फूलों के रंग दिखाई देते हैं और ऐसे ही मनमोहक फूलों से एक आकर्षक गुलदस्ता तैयार होता है। भारत ऐसा ही आकर्षक गुलदस्ता है, जहां सद्भाव और एकता से भारत की छवि सुंदर हो सकती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक



संघ के सरसंघ संचालक मोहन भागवत सहित संस्थापक सदस्यों ने हिन्दू को नए रूप में परिभाषित किया और कहा कि हिन्दू कोई धर्म नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। हिन्दुस्तान में रहने वाला हर कोई हिन्दू है। शासन ऐसा हो, जो जनकेन्द्रित हो और सभी का हित छुपा हो। ऐसा शासन जो भयमुक्त हो, भ्रष्टाचार मुक्त हो और राजा (अब प्रधानमंत्री) जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह हो, जनता के प्रति उदार हो। ऐसा सक्षम नेतृत्व हो जो भारत माता के सम्मान की गरीमा को बनाए रखने में सक्षम हो और जो भी माँ भारती का अपमान करने की कोशिश करे, उसका अस्तित्व मिटाने की क्षमता रखता हो...।

इति।

# भारत रत्न स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका नाम हमेशा शास्वत रहेगा

## 16 अगस्त
### पुण्यतिथि पर विशेष



16 अगस्त 2018 को 93 साल की उम्र में भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी सदैव के लिए अपने इह शरीर को त्याग कर स्वर्गलोक सिधार गए। वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वे प्रेरणा बनकर आज भी देश को आगे बढ़ा रहे हैं। 2015 में मोदी सरकार ने उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया। 25 दिसम्बर को उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने की परंपरा चल पड़ी। अटल जी ऐसे व्यक्तित्व थे, जिनका कायल पूरा विपक्ष भी था। उनके कार्यकाल में सभी को सम्मान मिला और कहा जा सकता है कि उनके कार्यकाल में संसद हमेशा सुचारू रूप से चलता रहा। हर मुद्दे पर सकारात्मक चर्चा होती थी और उनके कार्यकाल में कभी विपक्ष ने यह आरोप नहीं लगाया, कि उनकी योजनाएं जनहितैषी नहीं है। उस समय जरूर हंगामा हुआ था, जब अटल जी के कार्यकाल में बालको निजीकरण की दिशा में पहुंचा।

1996 में अटल जी का कार्यकाल सिर्फ 13 दिन का था। वे चाहते तो राजनीतिक कुटिलता से सांसदों को खरीद सकते थे, लेकिन वे सिद्धांतों से कभी समझौता न करने वाले व्यक्तित्व थे। 16 मई 1996 को अटल बिहारी वाजपेयी पहली बार प्रधानमंत्री बनें और लोकसभा में वे बहुमत हासिल नहीं कर पाए। 01 जून 1996 को वे अपनी कुर्सी छोड़ दी। उस समय भाजपा में 161 सीटें जीती थी। 1998 में मध्यावधि चुनाव हुआ और एनडीए को पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया और लिहाजा उन्हें फिर से 13 महीने में अपनी कुर्सी छोड़नी पड़ी। 1999 में अटल जी के नेतृत्व में फिर एनडीए चुनावी मैदान में था और इस बार 303 सीटें जीत कर पूर्णबहुमत हासिल किया और अटल जी ने 05 साल तक देश को अपना स्वर्णीम कार्यकाल दिया।

25 दिसम्बर 1924 में माँ भारती का यह सच्चा सपूत इस धरा पर जन्म लिया और आजीवन माँ भारती के सच्चे सपूत बन कर राष्ट्र की सेवा की और 16 अगस्त 2018 को इस दुनिया को अलविदा कह गए। अटल जी, नेहरू के बाद पहले प्रधानमंत्री थे जो लगातार तीन बार प्रधानमंत्री पद की गरीमा बढ़ाई।

## सदैव अटल

भारत के शासनकाल में यदि किसी प्रधानमंत्री के कार्यकाल को यदि स्वर्णीम माना जाएगा, तो सबसे पहले अटल जी का कार्यकाल सबके स्मृति पटल में आएगा। सत्ता छूट जाए, लेकिन सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं, ऐसे थे अटल जी। तीन बार लगातार प्रधानमंत्री रहे। 1996 में जब अटल जी पहली बार प्रधानमंत्री बने तो उनका कार्यकाल मात्र 13 दिन का था। आज की राजनीति होती तो तोड़फोड़ से सांसदों को खरीद लेते और अपनी सरकार बचा लेते, लेकिन वे तो अटल जी थे, सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं और उनकी प्रधानमंत्री की कुर्सी चली गई। 1998 में वे फिर प्रधानमंत्री बने और दूसरा कार्यकाल मात्र 13 महीने चला। यहां भी वही सिद्धांत, वही विचारधारा, प्रधानमंत्री की कुर्सी चली गई, कोई बात नहीं, लेकिन वे सिद्धांतों के सामने झूकना सीखे ही नहीं। वक्त गुजरता गया और वह स्वर्णीम दिन भी आया और 1999 का चुनाव एनडीए ने बहुमत के साथ जीता। प्रधानमंत्री की कुर्सी लालायित थी, कि अटल जी इस कुर्सी को कब शोभायमान करेंगे। 1999 से 2004 तक अटल जी ने अपना 05 साल का कार्यकाल ऐसे पूरा किया, जिनके शासन में संवेदनशीलता, राष्ट्रप्रेम और जनता का हित छुपा था। यह 05 साल सुशासन के स्वर्णीम इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज हो गया। न झूकेंगे और न ही अतिक्रमण करेंगे, लेकिन माँ भारती के चेहरे पर कभी शिकन नहीं आने देंगे। भारत की सुरक्षा सर्वोपरी थी। पोखरण परमाणु परीक्षण कर दुनिया को चौंका देने वाले अटल जी न तो प्रतिबंध से डरे और न ही महाशक्तियों के सामने कभी झूके, ऐसे थे अटल जी। अटल सदैव अटल रहेंगे। जब तक सुशासन की बात आएगी, सदैव अटल जी का नाम पहले आएगा।

अटल जी विपक्ष में भी रहकर सकारात्मक राजनीति करते रहे, इसलिए अटल जी की राजनीति को सुचिता की राजनीति कही जाती है। वे कांग्रेस के शासनकाल में संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया और उन्होंने विदेश जा कर हिन्दी का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में भाषण देकर देश-दुनिया को चौंका दिया। हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया। वे चाहते थे कि पूरे राष्ट्र में हिन्दी को लोग अपनाएं और उच्च शिक्षा भी हिन्दी में हो।

**एक राजनीतिज्ञ, एक कवि, एक लेखक थे अटल जी**

अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे व्यक्तित्व थे जो एक राजनीतिज्ञ, एक कवि, एक लेखक भी थे। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था, जिनके व्यक्तित्व की बराबरी शायद ही कोई कर पाए। हम यूं कहें तो अटल जी एक महामानव थे, जिनका हृदय समुद्र सा विशाल और व्यक्तित्व पहाड़ सा ऊंचा था। वे राजनीति के ध्रुव तारा थे जो 16 अगस्त 2018 को सदा के लिए विलुप्त हो गए, लेकिन वे आज भी आसमान में ध्रुव तारा बनकर अपने कर्मयोग, महामानवता, संवेदनशीलता और सुशासन बनकर चमक रहे हैं और अपनी चमक से देश को प्रकाशवान कर रहे हैं और प्रेरणा बनकर देश को निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर कर रहे हैं।

अटल जी नए भारत की नींव रखने वाले 10वें प्रधानमंत्री थे। अटल जी का सपना भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का था, ताकि कोई भी देश भारत की तरफ आंख उठाकर न देख सके, इसलिए उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाया। उनका सपना था कि राष्ट्र तब तक विकसित भारत नहीं बन सकता जब तक हम आत्मनिभर नहीं बनेंगे और उन्होंने इसके लिए प्रयास भी किया। वे लोकतांत्रिक मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया।

**सम्पादक की कलम से**

### अटल जी का राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम इस कविता में झलकती है और बार-बार माँ भारती के कोख में जन्म लेने के लिए आतुर दिखाई देते हैं।

मौत की उम्र क्या
दो पल भी नहीं...
मैं जी भर जिया,
मैं मन से मरूं
जिंदगी एक सिलसिला,
आजकल की नहीं...
मैं जी भर जिया,
मैं मन से मरूं
लौट कर आऊंगा
कूच से क्यों डरूं?

**आपको उनकी एक कविता तो याद ही होगी, जिसमें वे कहते हैं...**

टूटे हुए तारों से फूटे बासंती स्वर
पत्थर की छाती में उग आया नव अंकुर
झरे सब पीले पात
कोयल की कुहुक रात
प्राची में अरुणिमा की रेख देख पाता हूं
गीत नया गाता हूं।
टूटे हुए सपने की सुने कौन सिसकी
अंतर को चीर
व्यथा पलकों पर ठिठकी
हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा
काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूं
गीत नया गाता हूं।
गीत नया गाता हूं

स्मृति शेष

# मानवीय संवेदना के प्रतीक थे धर्म परायण स्व.कार्तिक राम जायसवाल

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल सीएसपीडीसीएल के सेवानिवृत्त अकाउण्ट आफिसर कार्तिक राम जायसवाल भले ही इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन उनका विशाल चरित्र लोगों के स्मृति पटल में सदैव विद्यमान रहेंगे। कोरबा जिले के पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत परसदा निवासी स्व.श्री कार्तिक राम जायसवाल ने पूरी कर्तव्यपरायणता से करीब 40 वर्ष सीएसईबी में बतौर लेखाधिकारी सेवा की और सेवानिवृत्ति के बाद भाजपा में शामिल हो गए और ग्रामीण स्तर पर संगठन की मजबूती देने के लिए कार्य करते रहे। वे एक विशाल व्यक्तित्व के धनी थे और मानवीय संवेदनाओं के प्रतीक थे। उदार मानवता और मानवीय सेवा से उनके विशाल चरित्र और व्यक्तित्व झलकते थे।



उनकी सहृदयता के क्षेत्रवासी कायल थे और उन्हें क्षेत्र के लोग एक आदर्श व्यक्तित्व और प्रेरणा के रूप में पूजते भी थे।

जिले के विकासखण्ड पाली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत परसदा निवासी सीएसईबी (वितरण) से सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी 81 वर्षीय कार्तिक राम जायसवाल का 04 अगस्त को रायपुर स्थित संजीवनी हास्पिटल में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके पार्थिव शरीर को रायपुर से परसदा लाया गया और अंतिम दर्शन के लिए निवास स्थान पर रखा गया तथा 05 अगस्त को उनका अंतिम संस्कार परसदा स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की भीड़ इस बात का संकेत देती है कि वे किस तरह लोगों के दिलों में राज करते रहे। जब उन्हें अंतिम विदाई दी गई तो लोगों की आंखों में आंसू डबडबा रहे थे, क्योंकि उन्होंने क्षेत्र के एक ऐसे व्यक्तित्व को खो दिया था, जो लोगों के हर सुख-दुख में अपनी सहभागिता निभाते थे।

क्षेत्र के अधिवक्ता अम्बिका प्रसाद जायसवाल एवं प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ के महासचिव सुनील जायसवाल के पिताश्री कार्तिक राम जायसवाल 81 वर्ष की उम्र में अनंत यात्रा पर चले गए। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, दो पुत्र अम्बिका जायसवाल (अधिवक्ता), सुनील जायसवाल (महासचिव-प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़), छः पुत्रियां सहित नाती-नातिन, पोता-पोतियों से भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए।

सीएसईबी से सेवानिवृत्त होने के बाद वे भाजपा में शामिल हुए और बचपन से ही जनसंघ और भाजपा के विचारों से प्रभावित थे। वे आजीवन भाजपा के लिए कार्य करते रहे।

## आकर्षक व्यक्तित्व एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित थे स्व.श्री जायसवाल

स्व.श्री कार्तिक राम जायसवाल को बचपन से ही संस्कार मिले थे और लोगों की सेवा, माँ भारती की सेवा और संकट के समय लोगों का साथ निभाना, उनका व्यक्तित्व विशाल था और ग्राम पंचायत परसदा सहित पूरे पाली ब्लाक के वे ख्यातिलब्ध समाजसेवी थे और वे सामूहिक जीवन को तवज्जो देते थे। वे संयुक्त परिवार के हिमायती थे और लोगों को रिश्ते की अहमियत समझाते थे। वे धार्मिक और सामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्ति होने के साथ-साथ एक राष्ट्रभक्त भी थे। माँ भारती की सेवा के लिए वे खेत, खलिहान के साथ अति लगाव रखने के साथ ही पेड़-पौधे लगाने लोगों को प्रेरित करते रहे।

## अपूरणीय क्षति

स्व.श्री कार्तिक राम जायसवाल के निधन से ग्राम पंचायत परसदा सहित क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। वे एक लब्ध प्रतिष्ठित नागरिक होने के साथ-साथ लोगों के सुख-दुख में सदैव खड़े रहते थे, उनके निधन से एक विशाल व्यक्तित्व की अपूरणीय क्षति लोग महसूस कर रहे हैं।

## 14 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा, दशगात्र एवं चंदनपान

स्व.श्री कार्तिक राम जायसवाल की आत्मशांति के लिए परिजनों ने उनका दशगात्र, चंदनपान एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन निज निवास ग्राम पंचायत परसदा, ब्लाक पाली, जिला कोरबा में रखा है और शुभचिंतकों, परिजनों, स्वजनों से करबद्ध निवेदन किया गया है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग पहुंचे और स्व.श्री कार्तिक राम जायसवाल की आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। अनंत ब्रह्म स्व.श्री कार्तिक राम जायसवाल को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परम पुण्यात्मा स्व.श्री कार्तिक राम जायसवाल को ईश्वर मोक्ष प्रदान करे।



Royal Blue गाउन में Madhuri Dixit का शाही अंदाज, 59 की उम्र में भी चेहरे से छलकता है नूर।

स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की 69वीं वर्षगांठ पर जन-जन का अभिनंदन...
जय हिन्द! जय भारत!!
खनिज विभाग
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

आत्म स्वतंत्रता का पवित्र पर्व स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
जय हिन्द! जय तिरंगा !!
नयन रंजन चौधरी
कार्यपालन अभियंता-जल संसाधन संभाग कोरबा, जिला-कोरबा
समस्त अधिकारी-कर्मचारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
AUGUST 15 HAPPY Independence DAY
जी.आर. जांगड़े
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, संभाग कोरबा

स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की हार्दिक शुभकामनाएं...
AUGUST 15 HAPPY Independence DAY
विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
कोरबा
जिला-कोरबा

झंडा ऊंचा रहे हमारा...
समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय हिन्द! जय तिरंगा !!
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा
महिला एवं बाल विकास अधिकारी, समस्त परियोजना अधिकारी

सारे जहां से अच्छा, हिन्दुस्तां हमारा...
समस्त जिलेवासियों को 15 अगस्त की की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय हिन्द! जय तिरंगा !!
विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
करतला, जिला-कोरबा

समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
उप संचालक
कृषि विभाग
कोरबा, जिला-कोरबा

झंडा ऊंचा रहे हमारा...
समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रेशम विभाग
कोरबा, जिला-कोरबा

80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
15th AUGUST HAPPY INDEPENDENCE DAY
कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
कोरबा, जिला-कोरबा

समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
वन विकास निगम
कोरबा
कोरबा, जिला-कोरबा

झंडा ऊंचा रहे हमारा...
समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
संभाग कोरबा, जिला-कोरबा

80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
15th AUGUST HAPPY INDEPENDENCE DAY
उद्यानिकी विभाग
कोरबा, जिला-कोरबा

देश की शान है तिरंगा, जान से प्यारा हमारा तिरंगा...
समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय हिन्द! जय तिरंगा !!
कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता हसदेव जल प्रबंध संभाग, बैराज डिविजन
कोरबा, जिला-कोरबा

80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
15th AUGUST HAPPY INDEPENDENCE DAY
कार्यपालन अभियंता
विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
पाली, जिला-कोरबा

## म्यूल अकाउंट के मामले में पुलिस की बड़ी कार्यवाही, दो गिरफ्तार

**कोरबा पुलिस की अपील-अपना बैंक खाता, एटीएम, सिम एवं मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग हेतु न दें**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में, एएसपी लखन पटेल एवं साइबर नोडल अधिकारी नितेश ठाकुर, एएसपी कटघोरा के मार्गदर्शन में साइबर थाना प्रभारी ललित कुमार चंद्रा के नेतृत्व में म्यूल अकाउंट के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।




भारत सरकार के गृह मंत्रालय से म्यूल अकाउंट के संबंध में प्राप्त निर्देशों के पालन में साइबर पुलिस थाना कोरबा द्वारा ऐसे बैंक खातों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिनका उपयोग साइबर अपराधों में किए जाने की आशंका है।

इसी क्रम में साइबर पुलिस थाना कोरबा द्वारा अलग अलग बैंक खातों के संबंध में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 317(2), 318(4) बीएनएस के तहत विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दो अलग अलग अपराधों में दो खाताधारकों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ में खाता धारक महेंद्र कुमार धीवर निवासी मानस नगर, कोरबा एवं के प्रभाकर राव निवासी कृष्ण नगर कोरबा द्वारा अपने बैंक खातों को लाभ कमाने के उद्देश्य से अन्य व्यक्तियों को कमीशन के बदले उपयोग हेतु दिए जाने की बात सामने आई। बाद में उन्हें जानकारी हुई कि संबंधित बैंक खाते होल्ड हो गए हैं।

प्रकरण में उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। प्रकरण की विवेचना वर्तमान में जारी है।

**क्या है म्यूल अकाउंट ?**

साइबर अपराधियों द्वारा आम नागरिकों को कमीशन अथवा आसान कमाई का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाकर अथवा पहले से संचालित बैंक खातों का उपयोग साइबर अपराध से प्राप्त राशि के लेन-देन के लिए किया जाता है। ऐसे बैंक खातों को म्यूल अकाउंट कहा जाता है।

साइबर अपराध में प्रयुक्त ऐसे खातों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। बैंक खाता किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग के लिए उपलब्ध कराने वाले खाताधारक भी साइबर अपराध की विवेचना एवं कानूनी कार्रवाई की चपेट में आ सकते हैं।

**कोरबा पुलिस की आम नागरिकों से अपील**

साइबर अपराधी लोगों को कमीशन अथवा अन्य प्रकार के लाभ का लालच देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, मोबाइल नंबर अथवा सिम का उपयोग साइबर अपराधों में कर सकते हैं। अतः नागरिक निम्न सावधानियां बरतें— अपना बैंक खाता किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग हेतु न दें। अपना एटीएम/डेबिट कार्ड, पासबुक, चेकबुक या इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी किसी को न दें। अपना मोबाइल नंबर अथवा सिम कार्ड किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग करने के लिए न दें। किसी व्यक्ति द्वारा कमीशन या आसान कमाई का लालच देकर बैंक खाता उपलब्ध कराने की बात कही जाए तो सतर्क रहें। अपने बैंक खाते में होने वाले लेन-देन की नियमित रूप से जानकारी रखें। किसी संदिग्ध लेन-देन की जानकारी मिलने पर तत्काल अपने बैंक एवं पुलिस को सूचित करें। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपने खाते में राशि प्राप्त कर उसे दूसरे खाते में ट्रांसफर अथवा नकद निकालकर न दें। थोड़े से आर्थिक लाभ के लालच में अपना बैंक खाता, एटीएम, सिम अथवा मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्ति को देकर स्वयं को साइबर अपराध की विवेचना एवं कानूनी कार्रवाई का हिस्सा न बनाएं।

# अखबार वितरकों को अदानी कोरबा पावर लिमिटेड ने प्रदान किए रेनकोट

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**




बारिश के मौसम में घर-घर समाचार पत्र पहुंचाने वाले अखबार वितरकों की सुविधा को देखते हुए अदानी कोरबा पावर लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के वितरकों को रेनकोट प्रदान किए। संघ की ओर से कंपनी के पीआरओ अतुल गुप्ता से वितरकों के लिए रेनकोट उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। श्री गुप्ता ने इस पर सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया और उनके प्रयासों से अदानी फाउंडेशन के माध्यम से रेनकोट उपलब्ध कराए गए।

रेनकोट वितरण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रधान कार्यालय में आयोजित हुआ। अदानी कोरबा पावर लिमिटेड की ओर से लैंड एंड लाइजनिंग प्रमुख डॉ. विकास ठाकुर एवं सीएसआर ऑफिसर पवन महतो उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इंजीनियर राकेश चंद्र गुप्ता, अधीक्षण अभियंता (संचालन एवं संधारण), हसदेव बांगो हाइडल पावर स्टेशन माचाडोली, एनआईएस प्रशिक्षित कोच गुलशन सिंह राजपूत, संघ के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल, पार्षद रामकुमार साहू सहित अतिथियों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया।

कंपनी अधिकारियों ने कहा कि अखबार वितरक वर्षभर मौसम की परवाह किए बिना घर-घर समाचार पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। बारिश के दौरान उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए संघ के आग्रह पर यह सहयोग किया गया है। संघ ने कंपनी प्रबंधन, पीआरओ अतुल गुप्ता एवं अदानी फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में संघ के संरक्षक रेशम साहू, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, कटघोरा इकाई अध्यक्ष कन्हैया यादव (बबलू), विजय दास, हरदीबाजार इकाई अध्यक्ष महेंद्र राठौर, बांकीमोंगरा इकाई अध्यक्ष दिवाकर नायक, राजू सैनी, पाली से संतराम, शंकर दीवान, एनटीपीसी से दीपक साहू, रविंदर विजय मसी बालको से, राकेश साहू, सुरेश, सिराज, श्यामू, अनिल गिरी, राय सिंह कंवर, जीवन लाल चौहान, शांतिलाल, तपेश्वर राठौर, कृष्णा निर्मलकर दिलबाग हर्ष नेताम एवं दिलीप यादव सहित अन्य पदाधिकारी व वितरक उपस्थित रहे।

### कठिन परिश्रम सफलता का आधार-डॉ. विकास ठाकुर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अडाणी कोरबा पावर लिमिटेड के लैंड एण्ड लाइजनिंग प्रमुख डॉ. विकास ठाकुर ने कहा कि कठिन परिश्रम सफलता का आधार है। अखबार वितरक सुबह से उठकर घर-घर तक अखबार पहुंचाते हैं, यह कम बड़ी बात नहीं, कठिन परिश्रम है। परिश्रम करते रहेंगे और एक दिन आप ही में से कोई बड़ा पत्रकार भी निकलेगा। अडाणी कोरबा पावर की ओर से यह हमारी छोटी सी पहल है और जरूरत पड़ने पर हम अखबार वितरक संघ के साथ हरदम खड़े रहेंगे।

### एकता में बड़ी ताकत -राकेश चंद्र गुप्ता

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हसदेव बांगो हाइडल पावर स्टेशन माचाडोली के अधीक्षण अभियंता (संचालन एवं संधारण) राकेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि एकता में बड़ी ताकत है। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने संगठन बनाकर एकता का परिचय दिया है। आज अडाणी कोरबा पावर स्टेशन की ओर से अखबार वितरकों को रेनकोट प्रदान किया गया, यह एकता का ही परिणाम है। संगठन जितना मजबूत होगा, हर कार्य में सफलता उतनी बड़ी मिलेगी।

### अडाणी कोरबा पावर लिमिटेड क्षेत्र एवं समुदाय की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध- पवन महतो

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अडाणी कोरबा पावर लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख पवन महतो ने कहा कि अडाणी कोरबा पावर लिमिटेड क्षेत्र एवं समुदाय की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। अखबार वितरकों की बहुत बड़ी समस्या होती है और ठंड, गर्मी हो या बरसात, सभी मौसम में संघर्षों से जुझते हुए समय पर घर-घर अखबार पहुंचाते हैं। उनकी अनुशासनशीलता से हमें भी प्रेरणा मिलती है। कठिन संघर्ष और चुनौती के बाद भी वे अपने कर्त्तव्य पद पर अडिग रहते हैं।






## कोरबा में युवक से मोबाइल, चांदी की चेन लूट:2 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



कोरबा पुलिस ने लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 4 अक्टूबर 2025 की रात पंपहाउस इलाके में तीन युवकों ने एक युवक से मारपीट कर उसका मोबाइल और चांदी की चेन लूट ली थी। पुलिस ने मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों तक पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार किया। यह मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र का मामला है। घटना रात करीब 9:45 बजे की है। पंप हाउस कॉलोनी निवासी अधिवेश बग्गा (23) पार्सल लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पंपहाउस पानी टंकी मैदान के पास तीन लड़कों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट करने लगे। इसके बाद उनका वीवो मोबाइल और गले में पहनी करीब 22 हजार रुपए की चांदी की चेन छीनकर फरार हो गए।

**मोबाइल की कॉल डिटेल से पुलिस लुटेरे तक पहुंची**

अधिवेश की शिकायत पर सीएसईबी चौकी में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने उनके मोबाइल नंबर और लूटे गए मोबाइल के IMEI नंबर की कॉल डिटेल साइबर सेल से निकलवाई। कॉल डिटेल की जांच से एक आरोपी की पहचान राम रतन खैरवार के रूप में हुई।

इसके बाद मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर राम रतन खैरवार (21) और राजकली (19) को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने युवक से मारपीट कर मोबाइल और चांदी की चेन लूटना स्वीकार किया।

**लूट का मोबाइल बेच दिया, आरोपियों से 300 रुपए और स्कूटी जब्त**

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने बताया कि वारदात में उनका तीसरा साथी प्रेम साहू भी शामिल था। उसने लूटा हुआ मोबाइल कहीं और बेच दिया था। पुलिस ने राम रतन के पास से 200 रुपए और राजकली के पास से 100 रुपए नकद बरामद किए हैं। घटना में इस्तेमाल जुपिटर स्कूटी (CG12BQ7102) भी जब्त की गई है। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 309(6) भी जोड़ दी है।

## स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन आज

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोरबा द्वारा 14 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन प्रातः 08 बजे सी.एस.ई.बी.फुटबॉल मैदान से प्रारंभ होकर सी.एस.ई.बी. चौक से बांए मुड़ते हुए टी.पी.नगर चौक से दाएं मुड़ते हुए पुनः वापस गायत्री मंदिर से सी.एस.ई.बी. फुटबॉल मैदान में समापन किया जायेगा। स्वतंत्रता दौड़ में जिले के सभी प्रबुद्धजन, समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारी स्कूल, कालेज के छात्र/छात्राएं, एन.सी.सी. कैडेटस, एन.एस.एस समस्त खेल संघों के पदाधिकारी/खिलाड़ी, स्काउट गाईड, नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य, गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

खेल अधिकारी ने समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, समस्त स्कूल/कालेज के छात्र/छात्राएं, समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, एन.सी.सी. कैडेटस, एन.एस.एस. के छात्र/छात्राएं, स्काउट गाईड तथा नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य प्रातः 7.00 बजे तक सी.एस.ई.बी. फुटबॉल मैदान में उपस्थित होकर इस आयोजन में एकजुटता सहिष्णुता व देशभक्ति का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने आग्रह किया है।


















# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर में करेंगे ध्वजारोहण, डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव में

**रायपुर ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ में 80वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के सभी जिलों में 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर तैयारियां तेज हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के पुलिस मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। वहीं प्रदेश के अलग-अलग जिलों में मंत्री, सांसद और विधायक मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश को जनता के सामने पढ़ेंगे।

राजधानी रायपुर में 15 अगस्त का मुख्य राज्य स्तरीय समारोह पुलिस मैदान में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। इसके अलावा बिलासपुर में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, दुर्ग में उप मुख्यमंत्री अरुण साव और बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ध्वजारोहण करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न जिलों में ध्वजारोहण की जिम्मेदारी इस प्रकार रहेगी—राजनांदगांव-विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा-मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद-मंत्री दयालदास बघेल, दंतेवाड़ा- मंत्री केदार कश्यप, कबीरधाम-मंत्री लखन लाल देवांगन, MCB-मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायगढ़-वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कांकेर-मंत्री टंकराम वर्मा, सूरजपुर- मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, जांजगीर-चांपा-मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, जशपुर-मंत्री राजेश अग्रवाल, बालोद-मंत्री गजेंद्र यादव, बलौदाबाजार- सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बेमेतरा- सांसद विजय बघेल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई- सांसद संतोष पांडेय, कोंडागांव में सांसद भोजराज नाग, बलरामपुर में सांसद चिंतामणि महाराज, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया और गरियाबंद में सांसद रूपकुमारी चौधरी ध्वजारोहण करेंगी। वहीं सक्ती में सांसद कमलेश जांगड़े, बीजापुर में सांसद महेश कश्यप, सुकमा में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा तिरंगा फहराएंगी।

कोरबा में विधायक अमर अग्रवाल, धमतरी में विधायक अजय चंद्राकर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में विधायक धरमजीत सिंह, मुंगेली में विधायक पुन्नूलाल मोहले, कोरिया में विधायक भैय्या लाल राजवाड़े और नारायणपुर में विधायक लता उसेंडी स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगी।

**जनता के नाम पढ़ा जाएगा सीएम का संदेश**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सभी जिलों में नियुक्त मुख्य अतिथि ध्वजारोहण के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश पढ़ेंगे। समारोह में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य आयोजन भी किए जाने की तैयारी है।

राज्य सरकार और जिला प्रशासन की ओर से समारोह स्थलों पर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय समारोह को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

## छत्तीसगढ़ के पद्मश्री अनूप रंजन को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**रायपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के जाने-माने संस्कृतिकर्मी और पद्मश्री से सम्मानित अनूप रंजन पांडेय को गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अनूप रंजन पांडेय ने इसे छत्तीसगढ़ के आदिवासी कलाकारों और प्रदेश की जनता को समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि भर नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक और आदिवासी कला-संस्कृति से जुड़े हजारों कलाकारों की मेहनत और साधना का सम्मान है। नई दिल्ली में हुए समारोह में राष्ट्रपति ने देश के अलग-अलग राज्यों से आए कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस से पकड़ाया 2 करोड़ का विदेशी सोना

**रायपुर ।** हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में करीब 2 करोड़ रुपए का विदेशी सोना पकड़ा गया है। यह कार्रवाई आरपीएफ क्राइम ब्रांच रायपुर और नागपुर की टीम ने डीआरआई नागपुर के साथ मिलकर की। ट्रेन के बी-12 कोच में तलाशी के दौरान दो संदिग्धों को पकड़ा गया। उनके पास से करीब 1.242 किलो सोना बरामद हुआ। इसमें 7 सोने के बिस्किट और एक सोने की छड़ शामिल है। बरामद सोने की कीमत 1 करोड़ 96 लाख 34 हजार 307 रुपए बताई गई है। जब्त सोने में 7 सोने के बिस्किट और एक सोने की छड़ शामिल है। सूचना के बाद रायपुर से नागपुर तक ट्रेन में जांच हो रही है।







































## 3 बार रिपेयर के बाद भी नहीं चली 1.26 लाख की घड़ी

**चंडीगढ़, एजेंसी।**

बहुत से लोग एथोस घड़ी पहनने का शौक रखते हैं, लेकिन एक शख्स को इस घड़ी को खरीदना महंगा पड़ गया है। दरअसल, मामला चंडीगढ़ के सेक्टर 36-C निवासी हितेश अग्रवाल की शिकायत से जुड़ा है। एक शिकायतकर्ता हितेश अग्रवाल के अनुसार उसने 3 दिसंबर 2023 को इलांटे मॉल स्थित अधिकृत रीसेलर एथोस समिट स्टोर से 1,26,800 रुपये में 'ओरिस बिग क्राउन' लग्जरी घड़ी खरीदी थी। उन्हें दो साल की वारंटी वाला कार्ड भी दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद घड़ी ठीक नहीं हुई।

**एथोस कंपनी को लगा बड़ा झटका**

महंगी घड़ी ठीक न होने के बाद एथोस कंपनी को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि अब चंडीगढ़ के जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने लग्जरी घड़ी में बार-बार खराबी आने के मामले में एथोस समिट स्टोर, इलांटे मॉल, चंडीगढ़ और ओरिस वॉचेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को उपभोक्ता को 1,26,800 रुपये वापस करने का आदेश दिया है। साथ ही आयोग ने दोनों पक्षों को शिकायतकर्ता को मानसिक परेशानी, उत्पीड़न और कानूनी कार्रवाई के खर्च के लिए 10,000 रुपये मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है।

## आज कांग्रेस का पैदल मार्च एवं सत्याग्रह

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दिनांक 14 अगस्त 2026 दिन शुक्रवार को संध्या 5 बजे सुभाष चौक निहारिका से डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक घण्टाघर तक विशाल पैदल मार्च एवम् सत्याग्रह का आयोजन किया गया है। यह आयोजन हल्द्वानी की घटना के विरोध में तथा कांग्रेस अध्यक्ष के समर्थन में आयोजित है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मुकेश राठौर ने जिला कांग्रेस, महिला कांगेस, युवा कांग्रेस, एन.यू.एस.आई., इंटक, सेवादल, ओ.बी.सी प्रकोष्ठ, अनु.जा., अ.ज.जा. विभाग, पार्षद, पूर्व पार्षद, बलॉक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस, वार्ड एवम् बूथ कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवम् सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

## अग्रवाल सभा दर्री/जमनीपाली मनाएगी आजादी का महापर्व

**कोरबा/जमनीपाली ( दिव्य आकाश )।**

अग्रवाल सभा दर्री-जमनीपाली के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि 15 अगस्त 2026, शनिवार को 80 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि साडा कॉलोनी जमनीपाली स्थित अग्रसेन भवन में प्रात: 10:00 बजे समारोह के मुख्य अतिथि नरेन्द्र अग्रवाल महामंत्री जिला चेम्बर ऑफ़ कामर्स, अध्यक्ष डीलर एसोसिएशन एवं संरक्षक रेडक्रास सोसायटी कोरबा ध्वजारोहण करेंगे तथा सभा के संरक्षक प्रेम कुमार अग्रवाल अध्यक्षता करेंगे। सभा के सचिव मनोज अग्रवाल ने अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल, मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।




# संसद सत्र खत्म: अंतिम दिन लोकसभा 1 मिनट, राज्यसभा 1 घंटे चली

## मोदी-शाह और राहुल सदन में मौजूद रहे, बंदर के खिलौने के साथ विपक्ष का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा करीब 1 घंटे चली।

लोकसभा में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूरी कैबिनेट और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिड़ला ने वंदे मातरम गान के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

वहीं, राज्यसभा में आखिरी दिन MMDR संशोधन बिल पास हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में उनके कार्यक्रम के बाद हुए शुद्धिकरण का मुद्दा उठाया।

**मानसून सत्र में 12 नए बिल पेश, 11 दोनों सदनों में पास**

2026 के मानसून सत्र में कुल 12 नए बिल पेश किए गए। इनमें 10 लोकसभा और 2 राज्यसभा में पेश हुए। लोकसभा में आए बिल टैक्स, बैंकिंग, खनन, ट्रिब्यूनल, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, परीक्षा में नकल रोकने, केरल का नाम बदलने और सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। माइंस एंड मिनरल्स संशोधन बिल के राज्यसभा से पास होने के बाद अब 12 में से 11 बिल दोनों सदनों से पास हो चुके हैं। केवल भारतीय सांख्यिकी संस्थान बिल अभी दोनों सदनों से पास नहीं हुआ है। राज्यसभा में पेश किए गए दोनों बिल भी लोकसभा से पास हो चुके हैं।

इधर, विपक्षी सांसद संसद के बाहर बंदर का खिलोना लेकर पहुंचे और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

लोकसभा में 114 घंटे में से 96 घंटे काम नहीं हुआ। मानसून सत्र में लोकसभा की 19 बैठकें हुईं। सदन की सामान्य बैठक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक होती है। दोपहर 1 से 2 बजे तक लंच ब्रेक रहता है। यानी एक दिन में करीब 6 घंटे कार्यवाही का समय होता है।

इस हिसाब से 19 बैठकों में करीब 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन यह करीब 17 घंटे 30 मिनट ही चली। यानी करीब 96 घंटे 30 मिनट कम कार्यवाही हुई।

वहीं, 2025 का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक चला था। इसमें लोकसभा और



राज्यसभा की 21-21 बैठकें हुईं। लोकसभा में सिर्फ 37 घंटे काम हुआ था।

**राज्यसभा में 114 घंटे में से 76 घंटे 34 मिनट काम नहीं हुआ**

मानसून सत्र में राज्यसभा की बैठकें भी लोकसभा के बराबर रहीं और 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन राज्यसभा में लगभग 37 घंटे 24 मिनट काम हुआ। यानी करीब 76 घंटे 36 मिनट कम कार्यवाही हुई।

## कोरबा के गौरव राज ने राष्ट्रीय तैराकी में जीता कांस्य पदक



100 मीटर बैकस्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ और जिला कोरबा का बढ़ाया मान



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

राजस्थान के जयपुर में 6 से 9 अगस्त 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय सब-जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान तैराक गौरव राज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर प्रदेश एवं कोरबा जिले को गौरवान्वित किया है।

गौरव राज ने बालक वर्ग ग्रुप-3 के 100 मीटर बैकस्ट्रोक मुकाबले में 01 मिनट 17.94 सेकंड का उत्कृष्ट समय निकालते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

कोरबा के गौरव राज वर्तमान में बालको द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी में नियमित रूप से तैराकी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनकी इस राष्ट्रीय उपलब्धि के पीछे निरंतर अभ्यास, अनुशासन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

हेड कोच गुलशन सिंह राजपूत तथा सहायक कोच रुपिन राज, विजेंद्र पाल एवं सुश्री स्मिता स्वाई ने गौरव की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि गौरव ने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए लगातार कड़ी मेहनत की है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिला यह कांस्य पदक उसी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

प्रशिक्षकों ने विश्वास जताया कि गौरव आने वाले समय में अपने प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ और कोरबा का नाम रोशन करने में सफल होंगे।

गौरव की इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों एवं तैराकी से जुड़े खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता ने जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है।

## सीआईएसएफ ने निकाली तिरंगा रैली

**कोरबा/दीपका (दिव्य आकाश)।**

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ इकाई एसईसीएल बिलासपुर के गेवरा एवं दीपका क्षेत्र द्वारा एक भव्य और ऊर्जावान तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना था ।

रैली का विधिवत शुभारंभ इकाई प्रभारी रघुबीर नरेन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। देशभक्ति के जयघोष के साथ यह तिरंगा रैली सीआईएसएफ इकाई लाइन गेवरा से प्रारंभ हुई, विजयनगर ग्राम से होकर गुजरते हुए रैली वापस गेवरा इकाई



लाइन पहुँची, जहाँ इसका सफल समापन हुआ ।

रैली में सीआईएसएफ के बड़ी संख्या में जवानों और अधिकारियों ने अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया । हाथों में लहराता तिरंगा लेकर जवानों ने ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों को अपने-अपने घरों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। विजयनगर और आसपास के ग्रामीणों ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने और राष्ट्रप्रेम के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया ।

सीआईएसएफ इकाई प्रभारी रघुबीर नरेन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सीआईएसएफ हमेशा से ही देश की सुरक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता अखंडता और जन-जागरूकता से जुड़े अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।



नहीं देखा होगा सूर्य ग्रहण का ऐसा अद्भुत नजारा

# चांद ने सूरज को ढका

## और उसी पल..., डैनी लियोन की ट्रिक वायरल

**मैड्रिड, एजेंसी।**

आसमान में सूर्य ग्रहण का ऐसा अद्भुत वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर लोग हैरान हो रहे हैं। ग्रहण के दौरान जब चांद सूरज को पूरी तरह ढक रहा था ठीक उसी पल एक स्केटबोर्डर हवा में उड़ता नजर आया। स्पेन में 12 अगस्त 2026 को दिखाई दिए दुर्लभ पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान ओलंपिक स्केटबोर्डर डैनी लियोन ने ऐसी जबरदस्त टाइमिंग के साथ छलांग लगाई कि पूरा नजारा कैमरे में एक परफेक्ट फ्रेम बन गया। अब इस अनोखे वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है। 12 अगस्त को यूरोप के कई हिस्सों में पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई दिया। स्पेन भी उन जगहों में शामिल था, जहां लोगों को इस दुर्लभ खगोलीय घटना को देखने का मौका मिला।

**लोगों ने देखा दुर्लभ नजारा**

स्पेन में सूर्य ग्रहण सूर्यास्त से कुछ समय पहले दिखाई दिया। लियोन शहर में आंशिक ग्रहण शाम करीब 7:32 बजे शुरू हुआ। इसके बाद करीब 8:28 बजे पूर्ण ग्रहण शुरू हुआ और लगभग 8:30 बजे समाप्त हो गया। इस दौरान करीब दो मिनट तक सूरज पूरी तरह चांद के पीछे छिपा रहा। आसमान में अचानक अंधेरा छाने लगा और वातावरण का रंग भी बदल गया। बड़ी संख्या में लोग इस दुर्लभ नजारे को देखने और कैमरे में कैद करने के लिए खुले स्थानों पर पहुंचे।

**कौन हैं डैनी लियोन?**

डैनी लियोन का पूरा नाम डैनियल लियोन वयारिनो है। उनका जन्म 1 दिसंबर 1994 को स्पेन के मोस्तोलेस में हुआ था। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्केटबोर्डर हैं और वर्ल्ड स्केटबोर्डिंग चैंपियनशिप, ड्यू टूर और एक्स गेम्स जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। वह टोक्यो ओलंपिक 2020 में पुरुषों के पार्क इवेंट में भी शामिल हुए थे, जहां उन्होंने नौवां स्थान हासिल किया था। स्केटबोर्डिंग के अलावा उन्हें सर्फिंग, स्नोबोर्डिंग और फोटोग्राफी में भी दिलचस्पी है।

## सेंसेक्स 114 अंक चढ़ा, निफ्टी में गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** कच्चे तेल के दाम में तेजी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 114 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 40 अंक की गिरावट रही। कारोबार के अंतिम घंटे में हुई लिवाली से बीएसई सेंसेक्स बढ़त के साथ बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 113.61 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,079.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 78,119.39 अंक तक गया और नीचे में 77,665.89 अंक तक आया।

## कैग की ऑडिट रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

# 401.42 करोड़ के GST का गोलमाल!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की ताजा ऑडिट रिपोर्ट में कार्य अनुबंध और निर्माण क्षेत्र में जी.एस.टी. अनुपालन से जुड़ी गंभीर खामियां सामने आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार 1,334 मामलों में कुल 401.42 करोड़ रुपए के गोलमाल का पता चला है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) ने चूक को मानते हुए कहा कि इनमें से 903 मामलों में 268.36 करोड़ रुपए की आपत्तियों को स्वीकार किया गया है और अब तक 15.88 करोड़ रुपए की वसूली की गई है।

**850 करदाताओं और 71 कार्यालयों की जांच**

मार्च 2024 में समाप्त अवधि से संबंधित कैग की रिपोर्ट बुधवार को संसद में पेश की गई। ऑडिट के दौरान 850 करदाताओं और जी.एस.टी. विभाग के 71 कार्यालयों के रिटर्न तथा संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। मुख्य रूप से वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के रिकॉर्ड देखे गए, जबकि कुछ मामलों में वर्ष 2023-24 तक की स्थिति की भी जांच की गई।

**रियायतों और इनपुट टैक्स क्रैडिट में गड़बड़ी**

ऑडिट में सड़कों, पुलों, रेलवे तथा मिट्टी के काम से जुड़े अनुबंधों



पर गलत तरीके से रियायत या छूट लेने, सरकारी संस्थाओं के लिए किए गए कार्यों पर कम कर भुगतान और रिवर्स चार्ज के तहत कम कर जमा करने के मामले सामने आए।

इसके अलावा निर्माण कंपनियों और डिवैलपर्स द्वारा अनुचित इनपुट टैक्स क्रैडिट लेने तथा सेवा कोड और कारोबार के अतिरिक्त स्थानों की सही जानकारी नहीं देने की खामियां भी मिलीं।

**123 मामलों में 190.98 करोड़ रुपए का असर**

कैग के मुताबिक 123 मामलों में सामने आई अनियमितताओं से राजस्व पर 190.98 करोड़ रुपए का प्रभाव पड़ा। वहीं 522 करदाताओं से जुड़े 1,057 मामलों में 188.98 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कर देनदारी सामने आई।

**रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में भी विभाग विफल**

ऑडिट के दौरान रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में भी गंभीर दिक्कतें सामने आईं। 392 करदाताओं से जुड़े 431 मामलों में जरूरी दस्तावेज पूरी तरह उपलब्ध नहीं कराए गए। इन मामलों में कर देनदारी, इनपुट टैक्स क्रैडिट और रियायती दरों से संबंधित 2,732.56 करोड़ रुपए का अंतर पाया गया। इसके अलावा 22 मामलों में मूल रिटर्न और अन्य विवरण विभागीय प्रणाली में उपलब्ध नहीं थे।

**71 में से 57 कार्यालयों में खामियां**

जी.एस.टी. कार्यालयों की निगरानी व्यवस्था पर भी कैग ने सवाल उठाए हैं। जांच के दौरान 71 कार्यालयों में से 57 में कमियां पाई गईं। कई मामलों में जांच समय पर नहीं हुई और जोखिम संबंधी चेतावनियों पर भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई।

**कैग ने दिए सुधार के सुझाव**

कैग ने विभाग से निर्माण और कार्य अनुबंधों में रियायत का दावा करने वाले उप-ठेकेदारों की जांच मजबूत करने तथा आंतरिक ऑडिट का दायरा बढ़ाने की सिफारिश की है। रिवर्स चार्ज वाले मामलों की निगरानी बढ़ाने और आयकर विभाग के साथ बेहतर समन्वय करने पर भी जोर दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त मंत्रालय और जी.एस.टी. नैटवर्क ने सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े अधिकांश निष्कर्षों को स्वीकार किया है। कैग ने कहा कि कर संग्रह में वृद्धि के बावजूद निर्माण क्षेत्र में अनुपालन की खामियां और व्यवस्था की कमजोरियां सरकारी राजस्व के लिए जोखिम बनी हुई हैं।



आत्म स्वतंत्रता का पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...

15th of August Independence Day

विजय बहादुर सिंह जगत
प्रदेश महामंत्री
भाजपा (अनुसूचित जन जाति मोर्चा) छत्तीसगढ़

श्रीमती रामेश्वरी जगत
पूर्व सदस्य
जिला पंचायत कोरबा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

मेलाराम कंवर — सरपंच
समार सिंह टेकाम — सचिव
उपसरपंच, पंच एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत उड़ता
जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

ज्योतिष खुसरो — सरपंच
किशन कन्हैया कश्यप — सचिव
उपसरपंच, पंच एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत करतला
जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...

मुकेश कौशिक
युवा भाजपा नेता
पाली, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

15th of August Independence Day

द रेडिएंट पब्लिक स्कूल
टॉवर मोहल्ला
पाली, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

15th of August Independence Day

विकास खण्ड शिक्षाधिकारी
पाली, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

गीता बाई भगवान सिंह उरेती - सरपंच
चंद्रिका प्रसाद तंवर - सचिव
उपसरपंच, पंच एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत रतखण्डी
जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

फूल बाई कंवर
जनपद सदस्य
क्षेत्र क्र.-13

राजकुमार कंवर
पूर्व जनपद सदस्य
क्षेत्र क्र.-13

जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

रोशन सिंह कंवर
जनपद सदस्य - क्षेत्र क्र.-14
सभापति - कृषि विभाग

जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...

AUGUST 15 HAPPY Independence DAY

डॉ. यू.के तंवर
अतिरिक्त उपसंचालक

पशु चिकित्सालय पाली, जिला-कोरबा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

ग्राम पंचायत लाफा
जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

AUGUST 15 HAPPY Independence DAY

जनपद पंचायत पाली
जिला-कोरबा (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

ललित सिंह तंवर — सरपंच
शिवराम निषाद — सचिव
उपसरपंच, पंच एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत सपलवा
जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

सविता पैकरा — सरपंच
कावेरी पटेल — उपसरपंच
मोक्ष तंवर-सचिव, पंच एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत मादन
जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

15 स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं HAPPY INDEPENDENCE DAY

दिनेश कुर्रे
वन परिक्षेत्राधिकारी पाली
वन मण्डल कटघोरा, जिला-कोरबा

नमन उन वीरों को
जो देश के लिए अपनी साँसे भी लुटा गए।
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।

अजय जायसवाल — अध्यक्ष
श्रीमती संजू जायसवाल — पूर्व अध्यक्ष
नगर पंचायत पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की हार्दिक शुभकामनाएं...

15th of August Independence Day

श्रीमती सावित्री श्रीवास
सांसद प्रतिनिधि
महिला एवं बाल विकास विभाग
पूर्व पार्षद - नगर पंचायत पाली

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द!
जय तिरंगा !!
वैद्यराज जानकी प्रसाद पुलस्त
राज्यपाल सम्मानित वैद्यराज छत्तीसगढ़ शासन
अनुसूचित जनजाति गौरव सम्मान छत्तीसगढ़ शासन
वन औषधिय संरक्षण संवर्धन रोपड़ी कार्य किया जाता है
सभी प्रकार की बीमारियों का स्वनिर्मित जड़ी बूटी से ईलाज
पता - कदमपारा हरनमुड़ी एवं मादन

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

15 स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं HAPPY INDEPENDENCE DAY

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
मर्यादित बिलासपुर
कोर बैंकिंग शाखा पाली
जिला-कोरबा (छ.ग.)

# एसईसीएल मानिकपुर जनसुनवाई रद्द करने की मांग

**ग्रामीणों ने प्रक्रिया को फर्जी बताया, भू-विस्थापित बोले- पहले पुराने वादे पूरे करो, नहीं तो 3 हजार ग्रामीण करेंगे विरोध**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

एसईसीएल मानिकपुर ओपन कास्ट खदान विस्तार परियोजना को लेकर प्रभावित ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। भू-विस्थापित संगठन मानिकपुर ने 21 अगस्त को प्रस्तावित पर्यावरण जनसुनवाई को रद्द करने की मांग की है।

संगठन ने जनसुनवाई की प्रक्रिया को फर्जी बताते हुए चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो 8 प्रभावित गांवों के करीब 2 से 3 हजार महिला-पुरुष ग्रामीण मौके पर पहुंचकर इसका उग्र विरोध करेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन खदान विस्तार और कॉर्पोरेट मुनाफे को प्राथमिकता दे रहा है, जबकि विस्थापित परिवारों की पुरानी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है।

## 250 किसानों को अब तक नहीं मिला मुआवजा!

ग्रामीणों का आरोप है कि दशकों पहले खदान के लिए अपनी उपजाऊ जमीन देने के बावजूद करीब 200 से 250 किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। वहीं, SECL द्वारा गोद लिए गए 7-8 गांवों में सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति भी बेहद खराब है।



## युवाओं के लिए 400-500 स्थायी नौकरी की मांग

भू-विस्थापितों ने प्रभावित गांवों के युवाओं के लिए मौके पर ही 400 से 500 पदों पर नियमित और स्थायी भर्ती शुरू करने की मांग रखी है। इसके अलावा भिलाई खुर्द-1, 2 और 3 में बचे मकानों और जमीनों का दोबारा पारदर्शी तरीके से भौतिक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन कराने की मांग की गई है।


































स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े द्वारा मे. डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, नर्मदा कोल्ड्रिंक के पास बिलासपुर से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com